मेरे शंकर भोलेनाथ

जय शिव आदियोगी नाथ,
रख दो सिर पर दया का हाथ,
तुमसे जीवन अंत प्रभु, तुमसे ही है शुरुआत,
मेरे शंकर भोले नाथ, मेरे शंकर भोले नाथ.....

जोगियो वाला रूप निराला, गले में पहनी सर्प की माला,
तेरे रूप अनेक है बाबा, तू है दुनिया का रखवाला,
तेरी महिमा अपार प्रभु, शंभू तेरी क्या ही बात,
मेरे शंकर भोले नाथ, मेरे शंकर भोले नाथ.....

क्रोध में भोले जब जब आये, तीसरा नेत्र कहर मचाए,
तांडव नृत्य करे शिव शम्भू, डम डम डम डम डमरू बजाय,
प्रेरित है रोहित शंभू से मांगे तेरा ही साथ,
मेरे शंकर भोले नाथ, मेरे शंकर भोले नाथ.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28548/title/mere-shankar-bholenath

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |